उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–2596/25 दिनांक 19.03.25

अनुस्मारक–1

सेवा में,

प्रबंधक / प्रधानाचार्य / विभागाध्यक्ष,
समस्त नर्सिंग / पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र,
उत्तर प्रदेश।

विषय–समस्त पैरामेडिकल डिप्लोमा प्रशिक्षण (लैब टेक्नीशियन, एक्स–रे टेक्नीशियन, रेडियोथेरेपी टेक्नीशियन एवं फार्मेसी के सहित) के तथा जी0एन0एम0 एवं ए0एन0एम0 की मुख्य/पूरक परीक्षा अप्रैल–2025 में सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश।

महोदय / महोदया,

इस कार्यालय द्वारा जारी पत्र संख्या–2164 / 25 दिनांक 01.03.2025 के क्रम में आपको पुनः सूचित करना है कि अप्रैल–2025 में सम्पन्न होने वाली समस्त पैरामेडिकल डिप्लोमा प्रशिक्षण (लैब टेक्नीशियन, एक्स–रे टेक्नीशियन, रेडियोथेरेपी टेक्नीशियन एवं फार्मेसी के सहित) के प्रथम एवं अन्तिम वर्ष तथा जी0एन0एम0 (प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष) तथा ए0एन0एम0 (प्रथम वर्ष व अन्तिम वर्ष) परीक्षा के अर्ह छात्र / छात्राओं के प्रवेश पत्र **दिनांक 07.03.2025** तक इस कार्यालय द्वारा जारी कर अपलोड कर दिये जायेगें। जिन छात्र / छात्राओं की परीक्षा शुल्क जमा की गई है और परीक्षा में बैठने के लिए अर्ह है लेकिन त्रुटियों के कारण एडमिट कार्ड जारी नहीं हुये हैं, ऐसे प्रशिक्षण केन्द्र **दिनांक 20.03.2025 तक अर्ह छात्र / छात्राओं के प्रवेश–पत्र संबंधित त्रुटियों को संशोधित अवश्य करा लें।** उसके पश्चात् प्रवेश–पत्र सम्बन्धित त्रुटियों के लिए स्वयं संस्थान जिम्मेदार होगा। परीक्षा समाप्त होने के बाद प्रवेश–पत्र को संकलित न करें, उक्त प्रवेश–पत्र को छात्र / छात्राओं के पास ही रहने दें।

परीक्षा केन्द्रों की सूचना प्रवेश–पत्र पर अंकित होगी एवं परीक्षार्थी आवंटित परीक्षा केन्द्रो में परीक्षा देगें। उक्त परीक्षा के प्रश्न–पत्र इण्टरनेट के माध्यम से ऑनलाइन भेजे जायेंगे, जो आपके सेन्टर लॉग–इन पैनल पर परीक्षा की तिथि के दिन ही परीक्षा समय सारिणी के अनुसार परीक्षा समय से 30 मिनट पूर्व उपलब्ध कराये जायेगें। इस हेतु समस्त संसाधन इत्यादि की उपलब्धता अवश्य सुनिश्चित कर लें।

सूच्य हो कि अपने लॉग इन पैनल का पासवर्ड किसी जिम्मेदार अधिकारी / कर्मचारी को ही दें। किसी प्रकार की परीक्षा सामग्री में अनियमितता / गोपनीयता भंग होने संबंधी जानकारी होने पर आपके संस्थान की परीक्षा निरस्त कर उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी स्वयं अपने पर्यवेक्षण में करायेगी। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं संस्था का होगा।

परीक्षा सम्बन्धी अन्य कोई सूचना समय–समय पर इस कार्यालय की अधिकृत वेबसाइट www.upsmfac.org पर जारी की जायेगी। कृपया वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

भवदीय,

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।